NYC Health

Johnson & Johnson/Janssen COVID-19 टीके के बारे में अपडेट

Johnson & Johnson/Janssen COVID-19 टीके से संबंधित स्वास्थ्य से जुड़ी एक समस्या की जाँच करने के लिए कुछ समय के लिए उपयोग रोकने के बाद 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों के लिए NYC में यह टीका उपलब्ध है। Johnson & Johnson के टीके और COVID-19 के अन्य अधिकृत टीकों की सुरक्षा और प्रभावशीलता में NYC स्वास्थ्य और मानसिक आरोग्यता विभाग (NYC स्वास्थ्य विभाग) का भरोसा कायम है। टीकाकरण सबसे ज़रूरी कदम है जो आप COVID-19 से अपना, अपने प्रियजनों और हमारे समुदायों का बचाव करने के लिए उठा सकते हैं।

Johnson & Johnson के टीके का उपयोग क्यों रोका गया था?

13 अप्रैल, 2021 को, रोग नियंत्रण और निवारण केंद्र (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) और खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) ने टीका लगवाने वाले छः व्यक्तियों में एक दुर्लभ किस्म के खून के थक्के की रिपोर्ट्स के बाद सलाह दी थी कि Johnson & Johnson के टीके का उपयोग अस्थायी रूप से रोक दिया जाए। CDC और FDA के टीका सुरक्षा निगरानी सिस्टम के माध्यम से मामलों की पहचान की गई थी। टीके का उपयोग रोक दिया गया था ताकि अतिरिक्त जानकारी एकत्रित करके उसकी समीक्षा की जा सके।

जाँच में क्या सामने आया?

21 अप्रैल, 2021 तक, Johnson & Johnson के टीके को अधिकृत करने के बाद, वह टीका लगवाने वाले तकरीबन 8 मिलियन लोगों में से खून के कम प्लेटलेट्स के साथ दुर्लभ किस्म के खून के थक्के के 15 मामले थे। इस स्थिति को थ्रोमबोसाइटोपीनिया (खून के प्लेटलेट्स की कम संख्या) सिंड्रोम के साथ थ्रोमबोसिस (खून का थक्का) (thrombosis with thrombocytopenia syndrome, TTS) कहा जाता है। TTS के सारे रिपोर्ट किए गए मामले 18 से 59 वर्ष की महिलाओं में थे, जिनमें टीकाकरण के बाद छः से 15 दिनों में लक्षणों की शुरुआत हुई थी। यह टीका लगवाने वाली 18 से 49 वर्ष की प्रति एक मिलियन महिलाओं में TTS के तकरीबन सात मामले और टीका लगवाने वाली 50 वर्ष और उससे अधिक उम्र की प्रति एक मिलियन महिलाओं में तकरीबन एक से कम मामले की दर है। टीके के नैदानिक परीक्षणों में एक पुरुष सहभागी में TTS का एक मामला भी पेश आया था।

टीके के उपयोग के बारे में CDC और FDA क्या सलाह देते हैं?

CDC और FDA यह सलाह देते हैं कि 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को Johnson & Johnson का टीका लगाना जारी रखा जाए। यह निर्णय टीकाकरण प्रथाओं के बारे में सलाहकार समिति की सिफ़ारिश पर आधारित है, जो उन चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों का एक स्वतंत्र समूह है जिन्होंने उपलब्ध डेटा और जानकारी की समीक्षा की थी, और फ़ायदों की तुलना में टीका लगवाने के स्वास्थ्य-संबंधी संभावित जोखिमों का आकलन किया था। जिन लोगों को टीका लगाया जाता है, विशेष रूप से 50 वर्ष से कम उम्र की महिलाएं, उन्हें TTS के दुर्लभ लेकिन ज़्यादा जोखिम और इस बारे में पता होना चाहिए कि COVID-19 टीके के अन्य विकल्प उपलब्ध हैं जिनके लिए यह जोखिम नहीं देखा गया है।

सुरक्षा से जुड़ी इस समस्या के बावजूद अभी भी NYC इस टीके का उपयोग क्यों कर रही है?
TTS के जोखिम बहुत कम हैं, और यह टीका COVID-19 की वजह से गंभीर बीमारी, अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु को रोकने के लिए बहुत प्रभावशाली है। अब जब हम जोखिम के बारे में जानते हैं, हम Johnson & Johnson का टीका लगवाने वाले लोगों को वह जानकारी दे सकते हैं, TTS के संभावित लक्षणों को पहचानकर तुरंत देखभाल प्राप्त करने के लिए उन्हें जिसकी ज़रूरत है। अब स्वास्थ्य सेवा प्रदाता इस जोखिम के बारे में भी जानते हैं, जिसका मतलब है कि वे उन रोगियों का निदान और इलाज कर सकते हैं, जिनमें Johnson & Johnson का टीका लगवाने के बाद TTS विकसित होता है। कोई भी दवाई, इलाज या टीका 100% जोखिम-मुक्त नहीं है।

यदि मैं Johnson & Johnson का टीका लगवाने का चुनाव करता/करती हूँ, तो क्या मुझे अतिरिक्त सावधानियाँ बरतनी चाहिए?
जबकि Johnson & Johnson के टीके से आपको TTS होने का जोखिम बहुत कम है, लेकिन आपको टीका लगवाने के बाद तीन सप्ताह के लिए संभावित लक्षणों के लिए अपनी निगरानी करनी चाहिए, जैसे:

- साँस की कमी
- छाती में दर्द
- टाँग में सूजन
- लंबे समय तक होने वाला पेट दर्द
- बहुत तेज़ या लंबे समय तक होने वाला सिरदर्द
- धुंधली नज़र
- आसानी से चोट लगना
- टीका लगाने की जगह से परे त्वचा के नीचे छोटे लाल धब्बे

यदि टीका लगवाने के बाद तीन सप्ताह के भीतर आपमें इनमें से कोई लक्षण उत्पन्न होता है, तो तुरंत चिकित्सा देखभाल प्राप्त करें — नज़दीकी अस्पताल जाएं या **911** पर कॉल करें। उपचार प्रदाता को बताएं कि आपको Johnson & Johnson का टीका लगाया गया था।

इसके विपरीत, टीकाकरण के बाद सामान्य दुष्प्रभावों में टीका लगाने की जगह पर बाँह में दर्द और सूजन, थकान, हल्का दर्द, ठंड लगना, हल्का सिरदर्द या हल्का बुखार होना शामिल हैं। ये अनुमानित दुष्प्रभाव हैं और आम तौर पर टीकाकरण के बाद पहले तीन दिनों के भीतर शुरू होते हैं (टीकाकरण के बाद का दिन सबसे सामान्य होता है) और शुरू होने के बाद आम तौर पर एक से दो दिनों तक रहते हैं।

क्या अन्य COVID-19 टीकों से TTS का जोखिम है?
यू.एस. में 200 मिलियन से ज़्यादा टीके लगाने के बाद Pfizer-BioNTech और Moderna COVID-19 टीकों के साथ TTS को नहीं जोड़ा गया है। हम पुरज़ोर तरीके से उन लोगों को इनमें से एक टीका लगवाने के बारे में विचार करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो Johnson & Johnson का टीका नहीं लगवाना चाहते।

पूरी NYC में सैंकड़ों टीकाकरण की साइट्स उपलब्ध हैं। टीकाकरण की साइट ढूँढने के लिए **vaccinefinder.nyc.gov** पर जाएं (हर साइट पर लगाए जाने वाले टीके सूचीबद्ध किए गए हैं) या सिटी द्वारा चलाई जाने वाली किसी साइट पर अपॉइंटमेंट लेने में मदद के लिए 877-829-4692 पर कॉल करें। कई साइट्स वॉक-इन भी स्वीकार कर रही हैं। सिटी द्वारा चलाई जाने वाली वॉक-इन साइट्स की सूची के लिए यहाँ देखें।

हम कैसे जान सकते हैं कि टीके की सुरक्षा से जुड़ी कोई अन्य समस्या नहीं है?
COVID-19 के टीके लगातार CDC, FDA और अन्य समूहों द्वारा सख़्त सुरक्षा निगरानी से गुज़र रहे हैं। पूरे यू.एस. में कई मिलियन टीके लगाने के बाद TTS के थोड़े-बहुत मामलों की पहचान करना और Johnson & Johnson के टीके के उपयोग को रोकना यह दिखाते हैं कि सुरक्षा सिस्टम्स काम कर रहे हैं और यह कि सुरक्षा और पारदर्शिता मुख्य प्राथमिकताएं हैं। हम टीकों के बारे में, सुरक्षा से जुड़ी किसी भी संभावित समस्या सहित, जानकारी साझा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मुझे अधिक जानकारी कहाँ मिल सकती है?
यदि आपका कोई सवाल है, तो कृपया अपने प्रदाता को या **311** पर कॉल करें। COVID-19 के टीके के बारे में जानकारी और संसाधनों के लिए, **nyc.gov/covidvaccine** पर जाएं। FDA की Johnson & Johnson टीके की संशोधित रोगी तथ्य शीट यहाँ देखी जा सकती है। अतिरिक्त जानकारी यहाँ CDC की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

स्थिति में होने वाले बदलावों के साथ-साथ NYC स्वास्थ्य विभाग सिफ़ारिशों को बदल सकता है। 4.29.21